सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7204	19.01.2023	20.01.2023	Jaisalmer Rajasthan	www.zeenews.india.com/Hindi https://zeenews.india.com/hindi/india/rajasthan/jaisalmer/dead-body-of-migratory-bird-kurjan-found-in-jaisalmer-district-fear-of-bird-flu-or-food-poisoning/1534092
Title:	**Dead migratory bird kurjan found in Jaisalmer district fear of bird flu or food poisoning, Rajasthan**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Jaisalmer, SSU- Rajasthan			

जैसलमेर जिले के लाठी क्षेत्र के डेलासर गांव के पास स्थित कोजेरी नाड़ी के आसपास के क्षेत्र में 10 से ज्यादा प्रवासी पक्षी कुरजां के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है.डेलासर गांव के कोजेरी नाडी के पास अलग-अलग स्थानों पर बिखरे पड़े प्रवासी पक्षी कुरजां के शवों को वन्य जीव प्रेमियों ने देखा तथा वन्य जीव प्रेमियों ने मृत मिले पक्षियों की जानकारी लाठी वनविभाग को दी है.वन्यजीव प्रेमियों ने पक्षियों में फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई है.हालांकि वन विभाग की जांच के बाद ही विदेशी पक्षियों की मौत की वजह का खुलासा होगा.

बिखरे पड़े मिले शव

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के डेलासर गांव के पास मंगलवार सुबह वन्यजीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई,जेठमालसिंह सहित कुछ वन्यजीव प्रेमी पक्षियों को देखने के लिए निकले हुए थे.इस दौरान उन्हें डेलासर गांव के पास स्थित कोजेरी नाडी के आसपास के क्षेत्र में 10 से ज्यादा प्रवासी पक्षी कुरंजा के शव पड़े मिले.एक साथ इतने पक्षियों के शव देखकर वे चौंक गए.उन्होंने इसकी सूचना लाठी वन विभाग को दी.सूचना मिलने पर लाठी वनविभाग से क्षेत्रीय वनधिकारी जगदीश विश्नोई,वनरक्षक रघूवीरसिंह,तगसिंह भाटी,भंवरलाल विश्नोई सहित वनविभाग के कार्मिक शाम को घटनास्थल पर पहुंचे.तथा उन्होंने कोजेरी

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

नाडी के आसपास के क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया.इस दौरान कोजेरी नाडी व आसपास के क्षेत्र में 10 प्रवासी पक्षी कुरंजा के शव मिले.वन विभाग कर्मियों ने अलग-अलग स्थानों पर बिखरे हुईं शव को एकत्रित किया.

मृत कुरंजा का किया पोस्टमार्टम

क्षेत्र के डेलासर गांव के कोजेरी नाडी के पास 10 से ज्यादा प्रवासी पक्षी कुरंजा के शव पड़े मिले.वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कोजेरी नाडी के आसपास के क्षेत्र में सर्च अभियान चलाकर बिखरे पड़े शव को एकत्रित किया.तथा मोके पर ही पशु चिकित्सा विभाग की टीम से वन्यजीव चिकित्सक एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान, गोडावण प्रोजेक्ट,सम जैसलमेर डॉ.श्रवणसिंह राठौड़,,भादरिया पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ.नरेंद्रसिंह शेखावत,लाठी पशुचिकित्साधिकारी डॉ कमल किशोर की ओर से वन्यजीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई तथा वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में मृत कुरंजा पक्षियों के शव का पोस्टमार्टम किया गया.

साथ ही बर्ड फ्लू की आशंका के चलते मरने वाले कुरजां पक्षियों के सैंपल को भोपाल स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डीजीज इंडियन वेटेरीनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट भेज गया.जहां से रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा.वहीं एक साथ बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी कुरंजा की मौत से स्थानीय लोग दहशत व भय के माहौल में है.

वन्यजीव प्रेमी राधेश्याम पेमानी ने बताया कि संभवतया इनकी मौत खेत में यूरिया आदि खाने से हुई होगी.अगर ऐसा नहीं है तो फिर बर्ड फ्लू से भी मौत हो सकती है. उन्होंने वन विभाग को बता दिया है अब जांच के बाद ही खुलासा होगा.इतने सारे पक्षियों की एक साथ मौत से वन्य जीव प्रेमियों में चिंता बढ़ गई है.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,

Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India

22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1